यह अत्यन्त स्वाभाविक और आवश्यक है कि हम मानवजीवन के मौलिक लक्ष्य और उसकी साधना के लिये अपने पूर्वजों द्वारा स्वीकृत समाज व्यवस्था तथा राजनीति का भी आकलन कर लें, यह बड़े हर्ष का विषय है कि पण्डितराज श्रीराजेश्वर शास्त्री द्राविड ने विज्ञजनों को इस महत्वपूर्ण कार्य की ओर उन्मुख करने के लिये भारतीय राजनीति के अनुशीलन का उपक्रम किया है। श्रीशास्त्रीजी संस्कृतवाङ्मय के आप्त पण्डित हैं। आपकी प्रज्ञा और प्रतिभा बहुमुखी है और भारत के नवीनजीवन की गतिविधि का आ[illegible]न करने तथा उसे अपेक्षित प्रकाशदान करने के निमित्त निरन्तर चिन्तनशील रहा करते हैं। प्रस्तुत पुस्तक "शान्ति का अग्रदूत" उनकी उसी चिन्तनशीलता की एक सुन्दर सूचना है।

आशा है यह सूचना विद्वानों को प्रिय लगेगी और उन्हें अध्ययन की इस उपेक्षितदिशा में प्रवृत्त करेगी। जिसके फलस्वरूप भारतीय राजनीति का निखरा हुआ रूप हमारे लोकनायकों के समक्ष उपस्थित होगा और उससे उनकी योजनाओं को अधिकाधिक सजीवता एवं सफलता प्राप्त होगी।

बदरीनाथ शुक्ल (प्रधान अध्यापक)
गवर्नमेन्ट संस्कृत कालेज वाराणसी
दिनांक २८-१-५७

कर किसलय सङ्गी यस्य पीयूष कुम्भः
परममरवधूनां भूयसे मङ्गलाय ।
स खलु निखिल दुग्धाम्भोधिरत्नेषु रत्नम्
हरतु दुरितराशीनाशु धन्वतरिर्वः ॥
त्रिभुवनजनरोगग्रामसंग्रामजेताऽनृतमृतघृतकुम्भोद्‌गूर्णहस्तायुधश्रीः ।
अमरमथितदुग्धाम्भोधिलब्धोदयोऽसौ दलयतु दुरितौघानाद्यवैद्याधिपो वः ॥

श्रीयुत् मान्यवर पं० राजेश्वरशास्त्री महोदय! आपके भेजे हुए "शान्ति का अग्रदूत" पुस्तक का अध्ययन किया, पढ़ने में अत्यन्त सन्तोष हो रहा है। राज्य के मूल आधार सत्वगुण का विवेचन इतने सुन्दर रूप से हुआ है कि जिसका मूर्त्त स्वरूप अनायास समझ सकते हैं। सर्वत्र देशों में स्थायी शान्ति के लिये उद्योग हो रहे हैं। परन्तु समन्जस मार्ग अन्धकार में ही था। इस पुस्तक में उसी का विवेचन अर्थशास्त्र के एवं प्रत्यक्ष तथा तर्कों के आधार पर हुआ है। साथ ही हम लोगों के उपनयन आदि संस्कार इसी लक्ष्य पर हो रहे हैं, ऐसे सदाचार भी इस ग्रन्थ में स्थिर सन्धि के प्रकार हैं,; जिस प्रकार वेद और आयुर्वेद में है। क्योंकि रोग पापनिवृत्ति के वास्ते श्री० १०८ पू० पा० सुप्रसिद्ध वैद्यरत्न त्र्यम्बकशास्त्री महाराजजी ने इन्कमटैक्स आफिसर श्री खेर महोदय के कल्प करते समय प्रायश्चित कराकर औषध का प्रयोग किया था इस तरह वेद का प्रामाण्य आयुर्वेद म है। भारतीय राजनीति की पद्धति में किसी के साथ विनय तथा मान आदि के विषयों में विषमता का भाव न रखते हुए मर्यादा पालन के विषय को भी देखने से अनेक शङ्काओं का समाधान हो रहा है। सर्व राज्यों में होनेवाले चुनाव में जाति संस्था की तरफ से भी मत (वोट) स्वतन्त्ररूप में न होना राज्य का विनाश करना है। यह भी विषय विशेषतः नीतिपण्डितों को प्रकाश दे रहा है। यह ध्रुव सत्य है कि नीतिसागर में गोते लगाकर अति परिश्रम से ऐसे-ऐसे रत्न उपलब्ध हैं जिनका प्रकाश शान्ति का अग्रदूत पुस्तक प्रधान व्याख्याता श्री पं० विद्यारत्न राजेश्वरशास्त्री द्राविड महोदय से है। आज हम लोगों को यह नवरत्न ग्रन्थ दिया है। ऐसे महात्मा त्यागी पुरुष को जगत्पिता धन्वन्तरि चिरायु रखे। और यह ग्रन्थ भगवद्‌गीता समान अभ्यास कर ऐसे तपस्वी के दिये हुए उपदेशों का फल लोगों को अवश्य प्राप्त करना चाहिये यह मेरी नम्र विनती है।

रसविशारद पं० दुर्गादत्त वैद्यशास्त्री
दिनाङ्कः, २-२-१९५७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वाराणसेय राजकीय संस्कृत महाविद्यालयाध्यक्षाणां सम्मतिः

श्री पण्डितराज राजेश्वरशास्त्री द्राविड संस्कृतव्याख्यानसङ्कलनसम्पादितो हिन्दी भाषायां निबद्धः शान्तेरग्रदूतः सादरं मया दृष्टः।

अत्र च ग्रन्थे भारते भारतीय नीतिः भारतीया च निर्वाचन पद्धतिः समाश्रयणीयेति साधु वर्णितम्। यतो-मनुनाऽपि ७।२०२, देशधर्मानुसारेणैव शासनं कार्यमित्युपदिष्टम्। महाभारते च धर्मनीतिः कूटनीतिश्चेति नीतिद्वयं शान्तिपर्वणि राजधर्मप्रकरणे दर्शितम्। उद्योगपर्वणि च धृतराष्ट्रं प्रति कणिकस्य कूटनीतेरुपदेशः। तत्र स्वराष्ट्रे धर्मनीतेर्व्यवहारः, परराष्ट्रे तु यथाकालमुभयोरित्युक्तम्। भारतीया नीतिश्च विद्यात्रय परिपोषितैव बलवती फलवती चेति कामन्दकीयेऽप्युक्तम् :—

"आन्वीक्षिकी त्रयी वार्ता दण्डनीतिश्च शाश्वती।
विद्या ह्येताश्चतस्रस्तु लोकसंस्थिति हेतवः॥" इति।

नीतौ दण्डस्य प्राधान्यं चोक्तमभियुक्तैः।

"दण्डः शास्ति प्रजाः सर्वा दण्डं धर्मं विदुर्बुधाः॥' इति।

नीतौ दण्डस्य प्राधान्येऽपि सर्वोपायपरिक्षय एव दण्डः प्रयोक्तव्यः। दण्डो हि चरम उपायः शास्त्रेषूदाहृतः।

"साम्ना दानेन भेदेन समस्तैरथवा पृथक्।
विजेतुं प्रयतेतारीन्न युद्धेन कदाचन" इति।
"चतुर्थोपायसाध्ये तु रिपौ सान्त्वमपक्रिया।"

इति च चतुर्थोपायत्वं तस्यानुष्ठानक्रमेणोक्तम्। भारतीया निर्वाचनपद्धतिस्तु महाभारते शान्तिपर्वणि राजधर्मप्रकरणे ब्राह्मणादिवर्णक्रमेणोक्ता। देशकालानुसारिण्येव नीतिर्बलवती फलवती चेति देशानुसारेण भारतीया नीतिः, कालानुसारेण च भारतीयनीत्यङ्गतया पाश्चात्यनीतिरपि समादर्तव्या। पाश्चात्यनीतिरपि पर्यालोचने भारतीयनीतिशास्त्र संनिविष्टा समुपलभ्यते समुपलप्स्यते चावश्यमिति श्रीराजेश्वरशास्त्रिमहोदयानां साधुराशयः एतद्ग्रन्थसमीक्षातः संलक्ष्यते इति भारतीयनीतिपरम्परादिशमावेदयन्नयं ग्रन्थः सर्वथा समुपादेयो नीतिविदां विशेषतश्च भारतीयानामिति सम्मन्यते——

कुबेरनाथ शुक्लः,
प्रधानाचार्यः, वाराणसेय राजकीय संस्कृत महाविद्यालयस्य

छात्रावास

म० म० पं० कैलाशचन्द्र शिरोमणि महाशय भवन तथा म० म० पं० श्री सुब्रह्मण्य शास्त्रिभवन नाम के दोनों छात्रावासों में विद्यार्थीगण निवास करते हैं, सञ्चालकों के द्वारा अन्नसत्र भी चल रहा है। यह अन्नसत्र कै० मेहता श्री हजारीलाल जी की स्मृति में "श्री हजारीलाल अन्नसत्र" के नाम से चल रहा है। अन्नसत्र में छात्रों को भोजन देने के अतिरिक्त १६ संन्यासियों की भिक्षा भी नियमानुसार चल रही है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विद्यालयीयाध्ययनक्रम का शास्त्रीय स्वरूप

(सं० २००८ के गणेशोत्सव विद्वत्परिषद् में स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार)

विद्याध्ययनक्रमो भारतीयराजनीत्यनुसारी कीदृश इति प्रश्ने प्रत्यक्षपरोक्षानुमानलक्षणप्रमाणत्रयनिर्णीतायां फलसिद्धौ देशकालानुकूल्ये सति यथासाध्यमुपायानुष्ठानलक्षणा क्रिया नीतिर्नय इतिलक्षणानुसारेण निर्णयः समुचितः।तत्र उत्पत्तिविनियोग-विधिनिष्पन्नानां प्रयोगविधिना क्रमो निर्णेय इति सिद्धान्तात् अष्टादश विद्याः चतुष्षष्टिकलाश्च इति उत्पत्त्या निर्णीतानां विद्यानां तत्तद्विद्याफलेषु विनियोगः, तत्तद्विद्यास्थितेन अनुबन्धचतुष्टयेनैव सम्यक् ज्ञायते यद्यपि, तथापि सर्वासां विद्यानामुप-संहारेण प्रयोगविधानं कौटिलीयेऽर्थशास्त्रे, श्री महामीमांसकश्रीमद्भास्कररायविरचिते नित्याषोडशिकार्णवसेतुबन्धव्याख्याने च एवमुपलभ्यते। तथाहि–वृत्तचौलकर्मा लिपि सङ्ख्यानं चोपयुञ्जीत, वृत्तोपनयनस्त्रयीमान्वीक्षिकीञ्च शिष्टेभ्यः,वार्तामध्यक्षेभ्यो दण्डनीतिं वक्तृप्रयोक्तृभ्यः। (कौटलीयेऽर्थशास्त्रे अ० ५ प्र० २)। एवं "ततश्च जगदाप्तपरमशिवप्रणीतत्वाविशेषेण सर्वासां विद्यानामधिकारिभेदेन प्रामाण्यमेवेति स्पष्टं सूतसंहितादौ। अधिकारश्च यथा नास्तिकानामेवार्हतादिदर्शनेषु,त्रैवर्णिका-देरेव वैदिकमार्गेषु इति पुरुषभेदेनैव व्यवस्थितस्तथैकस्यापि पुरुषस्य चित्तशुद्धितारतम्यादपि कश्चिद्व्यवस्थितः। वर्णभेदेनेव आश्रमभेदेनापि धर्मव्यवस्थादर्शनात्। एवञ्च यानि तत्तद्विद्याप्रशंसकानि वचनानि तानि तत्तदधिकारिणं प्रत्येव प्रवर्त्तकानि। यानि च तन्निन्दकानि तानि तत्तदनधिकारिणं प्रति निवर्तकानि न पुनर्न हि निन्दान्यायेन विधेयस्तावकानि, अतिवाल्यदशायां वालक्रीडनके प्रवर्तयतामेव पित्रादीनां तस्यैवाध्ययनाधिकारे तादृशक्रीडायां ताडनकर्तृत्वदर्शनात्।

तदयं मथितोऽर्थः, जातमात्रस्य त्रैवर्णिकस्य क्रीडाधिकारे निवृत्ते अक्षराभ्यासः, ततश्छन्दोभाषाज्ञानार्थं काव्याध्ययने प्रवर्तकान्यदोषं गुणवत्काव्यमित्यादीन्यग्निपुराणवचनानि। व्युत्पन्नस्य काव्यालापांश्च वर्जयेदिति निषेधः। काव्याध्ययनजन्य-प्रयोजनस्य जातत्वेनोत्तरभूमिकायामेवावतारात्तां विहाय पूर्व भूमिकायामेवायुः क्षपयतोऽनिष्टं भवतीति तदर्थः। ततो देहाद्यति-रिक्तत्वेनात्मनो ज्ञानार्थं न्यायशास्त्राध्ययने विधिः शुष्केनात्मानमन्विच्छेत्यादिः, शुष्कं हेतुः, अवयवसमुदायात्मकन्याय इति यावत्। देहादिभिन्नत्वेनामुष्मिकयातायातक्षमतया आत्मनि ज्ञाते तु तादृशफलककर्मस्वधिकारादान्वीक्षिकीं तर्कविद्यामनुरक्तो निरर्थिकामित्यादयो निषेधाः पूर्वभूमिकां निषेधन्ति। धर्ममेवाचरेत्प्राज्ञ इत्यादि विधय उत्तरभूमिकायां प्रवर्तयन्ति। यदुपयो-गित्वेन पूर्वमीमांसाया वेदे कर्मकाण्डस्य चाध्ययनम् तेन धर्मार्थकामेषु साधितेषु चतुर्थपुरुषार्थलिप्सया पूर्वभूमिकात्यागाय "नास्त्यकृतः कृतेनेति कर्मनिन्दा।" (सेतुबन्धव्याख्या)।

"वेदाःप्रमाणं स्मृतयः प्रमाणं धर्मार्थयुक्तं वचनं प्रमाण" मिति स्मृत्यनुसारेण धर्मार्थयुक्तं—धर्मतत्त्वविचारकं सन्निबन्ध-वाक्यमिति रघुनन्दनव्याख्यानुसारेण च निश्चितप्रामाण्यकस्य उक्तनिरूपणानुसारेणावगतस्याचारस्याविगीतशिष्टाचारतया परिगणितुमर्हत्वेन, आदौ क्रीडाधिकारः पश्चात् लिपिसङ्ख्याज्ञानयोः तदनन्तरं छन्दोभाषाज्ञानाय काव्याध्ययने, तदनु देहाति-रिक्तात्मनिश्चयाय न्यायशास्त्रे, तस्मिन्दृढे तत्पश्चात् धर्मशास्त्ररूपेषु षडङ्गवेदाध्ययनादिषु अधिकारसिद्धिरितीदृशेन क्रमेण अध्ययने क्रियमाणे न कोपि दृष्टादृष्टविरोधः।

एतदतिक्रमेण क्रियमाणन्त्वध्ययनं अनधिकारिणा कृतमकृतं भवतीति न्यायात्, यदधीतमविज्ञातं निगदेनैव शब्द्यते। अनग्नाविव शुष्कैधो न तज्ज्वलति कर्हिचित्! इति वचनानुसारेण दृष्टादृष्टसमस्तफलशून्यमेव च भवति इति प्रोक्तक्रम एवादरणीयो देशोन्नतिकामैरिति विद्वत्परिषदो मतम्।

प्रस्ताव का अनुवाद

प्रश्न है कि भारतीय राजनीति के अनुसार विद्याध्ययन का क्रम कैसा होना चाहिये? इसका उत्तर भारतीय राजनीति के लक्षणानुसार ही करना उचित है। नीति का लक्षण, जिन उपायों के अनुष्ठान से फल की सिद्धि प्रत्यक्ष, अनुमान (युक्ति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तर्क) एवं शास्त्र तीनों प्रमाणों से निश्चित है, योग्य देश और काल में उन फलसाधक उपायों का अनुष्ठान कहा है अतः शास्त्र की भी सहायता से क्रम निश्चय करना होगा। शास्त्रों में उन फलों को सिद्ध करने के लिये उनकी प्रधान कर्त्तव्य क्रिया (उत्पत्ति विधि) एवं उस क्रिया के अङ्गों (विनियोग विधि) का विधान किया रहता है। जिसमें विहित प्रधान और अङ्गों के क्रमको तदनंतर प्रयोग के विधानार्थ निश्चित करने का सिद्धान्त है। अठारह विद्यायें एवं चौसठ कलायें कही गई हैं जिनका विनियोग यद्यपि शास्त्रारम्भ में उस विद्या के अधिकार, प्रयोजन, विषय, सम्बन्ध (अनुबन्धचतुष्टय) के विचार में उस विद्या के फल निर्दिष्ट हैं, अतः उसी से सुज्ञेय है। तथापि सब विद्याओं के समन्वय से प्रयोगार्थ क्रमविधान कौटिलीय अर्थशास्त्र एवं महामीमांसक श्री भास्करराय विरचित नित्याषोडशिकार्णव के सेतुवन्ध व्याख्या में इस प्रकार उपलव्ध होता है।

आचार्य कौटिल्य कहते हैं कि बालक का चूड़ा संस्कार होते ही लिखना पढ़ना और गणित शुरू करना चाहिए। अनन्तर उपनयन संस्कार करके शिष्ट विद्वानों से वेद एवं तर्क विद्या सिखानी चाहिये तदनुसार तत्तद्व्यवसाय के अध्यक्षों से वार्ता (कृषि, पशुपालन, वाणिज्य) एवं राजनीति के शास्त्र तथा प्रयोग कर्ताओं से राजनीति सिखानी चाहिये। (कौ० अ० ५५–२)।

महामीमांसक श्रीभास्कर राय लिखते हैं कि:—सभी विद्याओं के उपदेष्टा श्रीजगदीश परमशिव हैं। अतः भिन्न-भिन्न अधिकारी के लिये यथाधिकार सभी प्रमाण है। सूतसंहिता आदि ग्रन्थों में यह वात स्पष्ट है। नास्तिकों के लिये ही आर्हतादि नास्तिक दर्शनों में अधिकार है त्रैवर्णिको को वैदिक मार्ग ही में है। यह पुरुष-भेद से व्यवस्था है। इसी प्रकार एक ही पुरुष के लिये भी चित्तशुद्धि के तारतम्य से अधिकार भेद व्यवस्थित है। दृष्टान्त के लिये जैसा वर्णभेद के समान आश्रमभेद से धर्मव्यवस्था देखी जाती है। तदनुसार उस विद्या के प्रशंसावचन उस उस अधिकारी के लिये प्रवर्तक हैं। वाद उसी २ विद्या का निन्दावचन अनधिकारी के लिये निवारक हैं। न कि "नहि निन्दा" के न्याय से विधेय के स्तावक हैं।

अतिबाल्यावस्था में माता-पिता बालकों को बालक्रीड़ाओं में प्रवृत्त करते हैं बाद पढ़ने योग्य अवस्था होने पर क्रीड़ा पर ताड़न करते हैं। अतः सबका मथितार्थ है कि त्रैवर्णिक बालक को क्रीड़ाधिकार निवृत्त होते ही अक्षराभ्यास कराना चाहिये। तदनन्तर छन्द और भाषा के ज्ञानार्थ काव्य का अध्ययन कराना होगा तब बालक को काव्याध्ययन में प्रवर्तन करने के लिये "अदोषं गुणवत् काव्यम्" इत्यादि काव्यप्रशंसा वचन अग्नि-पुराणोक्त हैं। उसी बालक की काव्यव्युत्पत्ति होने पर "काव्यालापांश्च वर्जयेत्" यह निषेध लगता है, क्योंकि काव्याध्ययन का प्रयोजन सिद्ध होने के पश्चात् भी उसी भूमिका में आयुःक्षपण करनेवाले को यह वचन अनिष्ट बताता है।

काव्याध्ययन के अनन्तर देहातिरिक्त आत्मज्ञान के लिये न्यायशास्त्र का अध्ययनाधिकार है। इसके लिये "शुङ्गेनात्मानमन्विच्छ" विधि है शुङ्ग अर्थात् न्याय से देहातिरिक्त आत्मा का ज्ञान प्राप्त करो, इसका अर्थ है। परलोकयातायात करने में समर्थ देहभिन्न आत्मस्वरूप को जानने पर वह विद्यार्थी पारलौकिक कर्माधिकारी बन जाता है जब "आन्वीक्षिकीं तर्कविद्यामनुरक्तो निरर्थिकाम्" इत्यादि निन्दावाक्य पूर्वभूमिका से निवर्तक हैं। "धर्ममेवाचरेत् प्राज्ञः" इत्यादि उत्तरभूमिका के लिये प्रशंसा, तव धर्मोपयोगि पूर्वमीमांसा एवं वैदिक कर्मकाण्ड का अध्ययन का अधिकारी वह बन जाता है। इस भूमिका में जब वह धर्मार्थिकाम साधन कर लेता है तब चतुर्थ पुरुपार्थ की प्रवृत्ति कराने के लिये कर्म भूमिका की निन्दा "नास्त्यकृतः कृतेन" इत्यादि है।

इस प्रकार आचार्य कौटिल्य एवं श्री भास्करराय विद्याध्ययन-क्रम का निरूपण करते हैं। स्मृति कहती है वेद, स्मृति, एवं धर्मार्थियुक्त वचन प्रमाण है। रघुनन्दन भट्टाचार्य ने "धर्मार्थियुक्तवचन" का अर्थ धर्मतत्त्वविचारक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

निबन्धवाक्य किया है। तदनुसार उक्त ग्रन्थकारों के निरूपण प्रमाण हैं। अविगीतशिष्टाचार के रूप में यही क्रम परिगणित करने योग्य है।

अतः बालक को प्रथम क्रीडाधिकार अनन्तर छन्दोभाषागणितज्ञानार्थ काव्याधिकार तत्पश्चात् देहातिरिक्त आत्मज्ञान के लिये न्यायशास्त्राधिकार, उसकी दृढ़ता होने पर ही धर्मशास्त्ररूपी षडङ्ग वेदाध्ययन का अधिकार प्राप्त होता है। अतः इस क्रम से विद्याध्ययन करें तो कोई दृष्टादृष्टविरोध हो नहीं सकता।

इसके विरुद्ध क्रम से अध्ययन करने पर अनधिकारी का किया कर्म अकृत हो जाता है। "यदधीत . . इत्यादि वचनानुसार वैसा किया अध्ययन न्यायानुसार दृष्टादृष्ट सभी फलों से शून्य रह जाता है। अतः विद्वत्परिषद का मत है कि उपर्युक्त क्रम ही देशोन्नति के लिये आदरणीय है।

श्रीमान् माधव श्रीहरि अणे महोदय का अभिप्राय

श्री काशी क्षेत्र का साङ्गवेद विद्यालय एक अद्वितीय संस्था है। गुरुमुख से पाठ लेकर सम्पूर्ण वेद एवं विकृति को कण्ठस्थ कर सुरक्षित रखना, एवं तदङ्गभूत सभी विद्याओं का अध्ययन अध्यापन कर उनकी उन्नति तथा प्रसार करना। इन कार्यों को सञ्चालित कर इस विद्यालय ने प्राचीन परम्परागत शिक्षणपद्धति का संरक्षण जिस प्रकार चलाया है इस प्रकार का कार्य करनेवाला एक भी विद्यालय अथवा पाठशाला उत्तर हिन्दुस्तान में वर्तमान समय में नहीं है।

वैदिक एवं शास्त्री पण्डितों की परम्परा का अक्षुण्णरूप से संरक्षण के बिना वैदिक धर्म सभ्यता एवं संस्कृति का टिकना शक्य नहीं है। वैदिक विद्वानों ने ही आज तक स्वरों में भी सर्वथा एकरूपता रखकर वेदों के अक्षराक्षर एक रूप में ही रखे हैं। एवं शास्त्री पण्डितों ने भारतीय संस्कृति व उसके ध्येय तथा रहस्य का सर्व समाज को परिचय कराया है। वैदिक एवं पण्डितों के द्वारा इसके लिये किये गये अत्यन्त परिश्रम तथा एकान्तिक त्याग से ही आज सहस्रावधि वर्ष हमारे इस भारतवर्ष के समाज का सम्पूर्ण जीवनक्रम भारतीय धार्मिक संस्कृत्यनुकूल विचारों से एवं ध्येयवाद तथा कर्म से अन्तर्बाह्य ओतप्रोत हो गया है तथा उसका परिणाम यह है कि केवल अलौकिक ऐसे दिव्य जीवन का प्रवाह समाजान्तर्गत सभी जाति के व्यक्तियों में बाह्य परिस्थिति भिन्न-भिन्न प्रकार की होने पर भी आजतक सतत रूप से बह रहा है। अतः इन प्राचीन पद्धति के पण्डितों की परम्परा का रक्षण करना समाज का प्रथम कर्तव्य है।

वेद एवं दर्शनशास्त्रों की शिक्षा के साथ आयुर्वेद, ज्योतिष, धर्मशास्त्र इत्यादि विषयों का शिक्षण भी साङ्गवेद विद्यालय में दिया जाता है। राजनीति, समाजशास्त्र, इत्यादि विषय में भी प्राचीन एवं अर्वाचीनकालीन विकास के अनुसार तौलनिक अध्ययन कर सिद्धान्त तक पहुँचाने वाले शिक्षण की व्यवस्था भी विद्यालय द्वारा तत्काल ही की गयी है। इस विशेषता को देखने से मूल भारतीय संस्कृति का अविकृतरूप से संरक्षण तथा वर्तमान युग में भी उस संस्कृति का कार्यकारित्व सिद्ध होना आवश्यक है ऐसी जिन सज्जनों की उत्कट इच्छा है उनके द्वारा इस संस्था को पूर्ण आर्थिक एवं इतर साहाय्य होना आवश्यक है।

हमारी प्राचीन विद्या एवं संस्कृति के सम्बन्ध में नवीन संशोधन करनेवाले आधुनिक विद्वानों को प्राचीन साहित्य एवं उन ग्रन्थों का यथार्थ अर्थज्ञान के लिये प्राचीन पद्धति के द्वारा शिक्षित विद्वानों की सहायता बारम्बार लेनी पड़ती है, यह बात पुरातत्त्वकोविदों को अवगत ही है। शास्त्री पण्डितों के साहाय्य के बिना दर्शन शास्त्रों के ग्रन्थ एवं उनके भाष्य टीका आदि में आनेवाले न्यायमीमांसाघटितविवेचन का रहस्य आधुनिक पद्धति से शिक्षितों को यथावत् अवगत होना कठिन है। उसको यथार्थतः समझने की योग्यता पदवाक्यप्रमाणज्ञ को ही हो सकती है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अतः हमारी संस्कृति एवं विद्याओं का आधुनिक ऐतिहासिक पद्धति से अध्ययन करने वाले एवं आधुनिक शिक्षण-पद्धति की उन्नति की अभिलाषा करने वालों को भी इन प्राचीन पण्डितों का एवं ऐसे पण्डितों का निष्पादन करने वाले साङ्गवेदविद्यालय जैसी पाठशाला का संरक्षण एवं सम्वर्धन अवश्य करना चाहिये। पण्डितों के संरक्षण से इनका भी उपकार ही होनवाला है।

इस साङ्गवेदविद्यालय में अनेक श्रेष्ठ पण्डित एवं अध्यापक वेतन रूप से अथवा दक्षिणा रूप से कुछ द्रव्य न लेते हुए केवल धर्मबुद्धि से अध्यापन कार्य करते हैं। परन्तु कार्य का विस्तार दिनोंदिन बढ़ते रहने से द्रव्यसंग्रह की आवश्यकता संस्था के है। पर्याप्ति धन संग्रह के बिना संस्था के कार्य को स्थैर्य एवं दृढ़ता प्राप्त होना कठिन है। अतः मुझे दृढ़ आशा है कि हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति सभ्यता एवं विद्या की उन्नति के लिए जो दान-शील राजा महाराजा एवं अन्य धनिक प्रयत्न कर रहे हैं। एवं इस कार्य के लिये अपने धन का ट्रस्ट आदि करने का विचार कर रहे हैं। वे अपने दान का ओघ पर्याप्ति अंश से श्री काशी के साङ्गवेदविद्यालय की ओर यदि लगावेंगे तो विद्यालय ने चलाये हुए इस पुण्यकार्य में अंशतः सहभागी होकर देवी श्री सरस्वती एवं श्री भारतमाता का परम मङ्गलप्रद आशीर्वाद प्राप्ति के स्वयं पात्र होंगे।

इस प्रकार राज्यपाल अणे महोदय ने विद्यालय के गौरव को प्रकट किया है। इसके लिये मैं कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ।

उत्तरप्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल श्री मुन्शी महोदय के भाषण का सारांश

आपने कहा कि "वेद हमारी संस्कृति के आधार शिला है। हमें सदैव उनसे प्रेरणा मिलती रही है। भारत का यह एक महान् उद्योग है कि वह वैदिक संहिताओं का संरक्षण करता आ रहा है और वर्तमान पीढ़ी से आशा है कि वह उसकी उपेक्षा न करेगी और वैदिक ज्ञान के प्रकाश को जीवित रखेगी।

यूरोप के अनेक देशों में वैदिक ज्ञान की शिक्षा के लिये बृहत् संस्थाएँ हैं। प्रसन्नता का विषय है कि यह संस्था इस शिक्षा द्वारा लोगों को विशेष योग्यता प्रदान करती है। आशा है निकट भविष्य में यहाँ अनुसन्धान कार्य भी प्रारम्भ हो जायगा।

मुझे प्रसन्नता है कि इस संस्था द्वारा अस्पताल का विस्तार हो रहा है। इस अस्पताल में सभी पद्धतियों पर चिकित्सा होती है, इससे हमें विशेष हर्ष है। ज्ञान और चिकित्सा किसी भी क्षेत्र से प्राप्त किया जा सकता है। धन से धर्म अवश्य हो, तब सुख यही हमारा आदर्श है।

संस्कृत कमिशन के सदस्यों का अभिप्राय

विद्वद्वरेण्यानां श्रीमतां राजेश्वरशास्त्रिणामाध्यक्ष्ये प्रचलन्तं साङ्गवेदविद्यालयमागत्य वयं सर्वे भारतीयाधि-शासनायोजितसंस्कृतायोगसदस्याः परं प्रमुदिताः स्मः। भारतीय-राजनीतिशास्त्रस्यात्र अनितरपाठशालासाधारणतया बोध्यमानस्य समधिकतया छात्रावर्जकत्वं भवतीति सन्तोषास्पदोऽयं विषयः सर्वेषामेव। वेदपाठप्राधान्येन छात्र संख्यया च अयं विद्यालयः काशीस्थविद्यालयेषु अग्रिमां श्रेणिमधितिष्ठति। इतः परमपि शास्त्रान्तराणां आधुनिकविषयाणां च बोधन-प्रचारणेन इतोऽपि महतीं प्रतिष्ठामयं विद्यालयः समधिगमिष्यतीति विश्वसिमः।

२२-३-५७

इत्थंसंस्कृतायोगसदस्याः
वे० राघवः
संस्कृत प्राध्यापकाः मद्रास विश्वविद्यालयः
श्री सुशीलकुमार दे
श्री जयन्तकृष्ण हरिकृष्ण दवे, विश्वबन्धु,
रामचन्द्र नारायण दाण्डेकर सदस्य सचिवः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्री विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष महोदय का अभिप्राय

सर्वाङ्गश्रुताध्यापनोद्दिष्टां स्फुटोत्साहशिष्टामिमां श्री० व० शा० साङ्गवेद विद्यालयेति यथार्थनाम्नीं संस्थां दृष्टवान् धन्यमहमात्मानं मन्ये। तदर्थं मामामन्त्रितवत्सु प्रकाण्डविदग्धेषु श्रीराजेश्वरशास्त्रिमहोदयेषु हार्दिकान् धन्यवादाँश्च वितरामि। येषामौदार्यसपर्यायासाच्चिरस्य लब्धप्रतिष्ठमिदं विद्यापीठं तैर्महाभागैस्तत्रैव संजग्मुषो मे भाग्यविशेषः समजनि। ईदृक्षानामेकतो विदुषामभिनिवेशादपरतो वदान्यानां समवेक्षणादेवाकुण्ठितोऽस्मत्प्राचीनसंस्कृतेरोघः प्रवहत्यमरसरित इव प्रवाहः। यत्संचालकप्रवरैस्तस्य प्रवाहस्य विघिकालोद्भूतान्प्रत्यूहानपोहितुं सम्यग्विचिन्त्य पर्यकल्पयन्त विविधा उपाया इत्यत्र सविशेषं ममाह्लादं जनयति। विद्यालयस्य वर्धिष्णुमुत्कर्षमाशासे।

वाराणसी
१९-३-१९५७

चिं० द्वा० देशमुख
विश्वविद्यालयीयानुदानायोगाध्यक्षः।

वेदविद्या के रक्षण का महत्व

वेदरक्षा का यह कार्य इतना महत्त्व रखता है, जिसको यदि कहा जाय कि धर्मरक्षा के लिये यह एक ही साधन है—तो अतिशयोक्ति न होगी। आज तक हम लोग धर्मस्वरूप को जो निस्सन्दिग्धता से समझ रहे हैं, उसका सारा श्रेय इसी पर निर्भर है कि ईश्वरमुखोद्गत अनादिसिद्ध वेदों को हमारे पूर्वजों ने अब तक एक रूप से सुरक्षित रखा है। यदि वे भ्रम प्रमाद दौर्बल्य आदि दोषों में पड़कर वेदों का यथावत् अभ्यास न किये होते तो हमारे प्राणभूत वेद इस रूप में हमारे सामने कैसे आते? वेदों के सम्बन्ध में आज भी दावे के साथ कह सकते हैं कि हमारे वेदों में किसी प्रकार का प्रक्षेप तथा पाठभेद आप न पायेंगे। आज भी रामेश्वर से लेकर हिमालय तक अगणित पीढ़ियों से, विभिन्न प्रदेशों में किसी प्रकार के सम्बन्ध न रख कर निवास करने वाले वैदिक लोग समान रूप से ही वेद पाठ करते हुए प्राप्त होते हैं। जब कि एक साधारण, रजिस्टरी-बयनामा, आदि लेखों में भी एक अक्षर मात्र भी पाठ भेद हो जाने पर बड़े-बड़े न्यायाधीशों को भी उस पर से कोई निर्णय करना असम्भव हो जाता है और वह लेख निरर्थक हो जाता है, किम्बहुना, हस्ताक्षर के विषय में देखा जाता है कि एक मात्रा का फरक हो जाने से वह अविश्वसनीय हो जाता है, तो यह बात सहज ही कल्पना में आने लायक है कि, केवल इहलोक ही नहीं किन्तु, परलोक से घनिष्ठ सम्बन्ध रखने वाले दुर्ज्ञेय धर्म तत्त्व का प्रतिपादन करनेवाले वेदों में कहीं अणुमात्र भी हेर-फेर हुआ तो, फिर सनातन धर्म का अस्तित्व रखना असम्भव हो जायगा। पाठभेद हो जाने पर कैसा पाठ यथार्थ है इस बात को समझने का हमारे पास कोई भी उपाय नहीं रह जायगा।

इस प्रकार धर्मप्रेमी आप महानुभावों का यह विद्यालय जिस वेदरक्षा के कार्य को लेकर चल रहा है उसका महत्त्व आवश्यकता और चमत्कारपूर्णता, अब आप लोगों के सामने स्पष्ट की गयी है।

वेदापौरुषेयत्वसाधकानुमानवाक्यम्

"स्वाध्यायोऽध्येतव्य" इत्यध्यनविधिवाक्यप्रयोज्यशाब्दभावनाहेतुकेष्टसाधनत्वानुमितिरद्ययावद्धर्मानुष्ठातृनिष्ठा, स्वसजातीयोच्चारणसापेक्षोच्चारणकानुपूर्वीक शब्दवृत्ति शाब्दभावना हेतुका, प्रभुशक्तिसमृद्धपुरुषसमवेतशाब्दभावनाहेतुज्ञानाजन्यत्वे सति, शब्दाजन्ययथार्थज्ञानवत्पुरुषसमवेतप्रकृतेष्टसाधनताविषयकज्ञानजन्यशब्दवृत्तिशाब्दभावना हेतुज्ञानाजन्यत्वे सति, शाब्दभावनाहेतुज्ञानजन्यत्वात्। आयुर्वेदीयरसायनाद्यनुष्ठानगतप्रायश्चित्ताधीनपापनाशे इष्टसाधनत्वानुमितिरेतावत्कालपर्यन्तं बौद्धादिष्वपि समवेता, शाब्दभावनाज्ञानमात्रजन्या, न स्वविषयक यथार्थज्ञानवत्पुरुषसमवेत यथार्थ ज्ञानजन्य शाब्दभावना ज्ञानजन्या, अलौकिकार्थत्वे सति यथार्थ प्रवृत्तिजनकत्वात्। न प्रभुशक्ति समृद्धनिष्ठशाब्दभावना ज्ञानजन्या स्वेच्छाधीनप्रवृत्तिजनकत्वात्। एतेन एतावत्कालपर्यन्तं पूर्वं जायमानायामनुमितौ स्वसजातीयोच्चारणसापेक्षोच्चारणकानुपूर्वीकशब्दवृत्तिभावनाज्ञानजन्यत्वं सिद्धम्। इदानींतनानामनुमित्यभावेऽपि न क्षतिः। इदानींतनोच्चारणस्य स्वसजातीयोच्चारणसापेक्षतायाः प्रत्यक्षसिद्धत्वादिति निष्कर्षः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

परिशिष्ट

वेदों का अपौरुषेयत्व

(लेखक––पण्डितराज श्री राजेश्वर शास्त्री द्राविड़)

सर्वज्ञ आदि-पुरुष मनु से मानव-समाज के विस्तार की हमारी मान्यता विश्व विख्यात है और यह वात निर्विवाद सिद्ध है कि मानव समाज के जो भी इतिहास प्राप्य हैं उनमें वैदिक समाज ही प्राचीनतम है। इस प्रकरण के विवेचन में जो भी तर्कनाएँ आती हैं उनसे यही निश्चित होता है कि वैदिक समाज से पूर्व अन्य कोई समाज या समुदाय संघटित न था।

मानव 'समाज' संघटन के प्रश्न पर विचार करने में नाटचशास्त्र संवंधी निम्नलिखित श्लोक सर्वप्रथम विचारणीय है। कहा है कि––

'कामुकैश्च विदग्धैश्च, श्रेष्ठिभिश्च विरागिभिः।
शूरैर्ज्ञानिवयोवृद्धै, रसभाव विवेचकैः॥
वालमूर्खाऽवलाभिश्च, सेव्यन्तन्नाटचमुच्यते।

(अर्थात्)––नाटक के प्रति कामी, विद्वान, धनिक, विरागी, वीर, ज्ञानी, वृद्ध और रसज्ञ, बालक, मूर्ख और स्त्रियों का सहज अनुराग होता है।

इस कथन से यह प्रकट है कि साहित्य मर्मज्ञों की दृष्टि में मुख्यतः समाज के ये ही आठ अंग माने गये हैं। 'समाज के ऐसे प्रत्येक अंग का मनोरंजन अलग-अलग ढंग से होता है। कहा है कि––

'तुष्यन्ति तरुणाः कामे, विदग्धाः समयाश्रिते।
अर्थेष्वर्थपराश्चैव, मोक्षे त्वथ विरागिणः॥
शूरा वीभत्सरौद्रेषु, नियुद्धेष्वाहवेषु च।
धर्माख्यान पुराणेषु, वृद्धास्तुष्यन्ति नित्यशः॥
सत्त्वभावेषु सर्वेषु, वुधास्तुष्यन्ति सर्वदा।
वाला मूर्खाः स्त्रियश्चैव, हास्य नेपथ्ययोः सदा॥'

(अर्थात्)––श्रृंगारिक वातों से तरुण वर्ग, शास्त्र-सम्मत वातों से विद्वज्जन, आर्थिक चर्चाओं से धनिक-जन, मोक्ष चर्चा से विरागीजन, रौद्र-वीभत्स एवं संघर्षात्मक चर्चाओं से वीरजन, धर्म और पुराण चर्चा से वृद्धजन, सात्विक भावों से साहित्यिक-जन और हास-परिहास एवं तड़क-भड़क से बालक, मूर्ख तथा महिलाओं का मनोरंजन होता है।

इससे स्पष्ट है कि उक्त समस्त लोगों के मनोरंजन के वैसे संपूर्ण कार्यक्रम जिनमें चलते रहें, वही योजना 'समाज संघटन' का भी मूलाधार वनती है। यह कार्यक्रम 'नीति का भी तत्वरूप' है। कारण, प्रत्यक्ष, परोक्ष और

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अनुमान इन तीनों ही 'प्रमाण-साधनों' द्वारा उसकी 'हितसाधकता' प्रकट है। प्रत्येक व्यक्ति की 'हित-साधना' ही दृष्टि में रख नाटकों में आदर्शभूत ऐतिहासिक ख्याति के राजचरित्रों का ही अभिनय चलता है, जिसमें समाज के आठों अंग अपना मनोरंजन पा लेते हैं। मतलब यह कि 'आदर्श' ही वह प्रेरक तत्व है जो समाज-संघटन का आधार बनता है। अतएव, सृष्टि के आदिकाल में वैदिक समाज जिस 'आदर्श' पर संघटित रहा, वह सिवा 'कल्पनातीत परम्परा' का होने के अन्य होगा भी क्या? इससे स्वयं सिद्ध है कि वैदिक समाज को कल्पनातीत परम्परा के आदर्श की दृष्टि देनेवाला वेद अपौरुषेय एवं ईश्वरप्रोक्त है।

धार्मिक आदर्शों एवं नैतिक चरित्रों की ऐसी शास्त्रमूलकता के ही कारण शास्त्र के विधि–निषेध वाक्यों में मनस्तोषपूर्ण स्वानुराग बना हुआ था। समाज के उपर्युक्त आठों अंगी वृद्धजन धर्म में, महाजन धन में, युवकजन काम में और विरागीजन मोक्ष में पूर्ण मानसिक सन्तोष के साथ अनुराग रखते थे। यही बात अभिनय, काव्य आदि के साधनों से समाज के अन्य अंगी बालक, मूर्ख, महिला आदि वर्ग में भी पायी जाती थी। इसी प्रकार, शूर-वीरजन वीभत्स और रौद्र कार्यों में, रसिकजन सात्विक भावनाओं में और विद्वज्जन शास्त्र मर्यादा में आत्मतोष प्राप्त करते हुए समाज में जमे थे। अभिनयों में ९ रसों का सन्निवेश इसीलिए आवश्यक कहा है जिससे समाज के आठो वर्ग का यथायोग्य मनस्तोष संभव हो सके। श्लोक में काम शब्द से श्रृंगार रस का, धर्म शब्द से वीर रस का और मोक्ष शब्द से शान्त रस का ही संकेत किया गया है। वीभत्स, रौद्र, हास्य रस के तो नाम स्पष्ट ही दे दिये गये हैं। इसी प्रकार, नेपथ्य (अभिनय) शब्द से बालक, मूर्ख, महिलाओं आदि के लिए प्रयोजनीय करुण, अद्भुत, भयानक रसों का संकेत किया गया है। इस प्रकार, समाज के जीवन में उपर्युक्त आठो वर्ग के लिए ९ रसों की साधना बनी हुई थी। श्रुति के शब्दों में भी यही आशय यों ध्वनित है—'रसो वै सः रस ँ ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनंदी भवति; को ह्येवान्यत्कः प्राण्यात् यदेष आकाश आनंदो न स्यात्।' (अर्थात्) 'रस तो स्वयं वह साक्षी चेतन (परमात्मा) ही है। आनन्द उसी की उपलब्धि का द्योतक है। यदि वह न रहता तो कौन जीवित रह सकता था? मतलब यह कि इन ९ रसों का संबंध प्रत्येक वैदिक विधान में पूर्णतया सन्निहित प्रकट होता है।

इस विवेचन में आठो वर्ग के 'मनस्तोष' मानने की जो बात आयी है उसका स्वरूप भी वैदिक आदेशों के विधि-निषेधात्मक प्रकरणों में समझ लेना चाहिये। वैशेषिक न्यायकारों का मत है कि विद्या, शान्ति, सन्तोष प्रयुक्त सुख विद्वानों के लिए उपादेय होता है। महर्षि पातंजलि भी 'सन्तोषादनुत्तमः सुखलाभः' कहकर 'संतोष' को ही सर्वश्रेष्ठ सुख ठहराते हैं। टीकाकारों ने भी 'ब्रह्मरंध्रस्थितो देवः सुधया संप्लुतो यथा। तुष्टो गीतादि कार्याणि संप्रकर्षाणि कारयेत्॥' की व्याख्या में 'तुष्टः निरभिलाषः' कहकर 'सन्तोष' अर्थात् अभिलाषाशून्य अवस्था को ही परम सुख माना है। (इस श्लोक में कहा है कि अमृत में निमग्न और तुष्ट ब्रह्मरंध्रस्थ देवता ही गायनादि की प्रेरणा करते हैं।) शास्त्र-ग्रंथों में इस पर अनेक निर्वचन मिलते हैं। कहा है—

यच्च काममुखं लोके यच्च दिव्यं महत्सुखं।
तृष्णाक्षयसुखस्यैते नार्हतः षोडशीं कलाम्॥

(अर्थात्)—'लोक में जो भी कामात्मक और महान् दिव्य सुख हैं वे सभी 'तृष्णा त्याग' सुख के षोडशांश भी नहीं ठहर सकते। 'तृष्णा त्याग या निराकांक्षा का' मतलब अपनी आकांक्षाएँ 'अपने स्वत्व की वस्तुओं तक ही सीमित रखने के धैर्य' का है। ऐसे 'धैर्य' का ही पर्यायवाची शब्द 'संतोष' है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गंगालहरी में भी इसी आकांक्षा और तृष्णा त्याग रूप 'संतोष' की श्रेष्ठता निम्नलिखित श्लोक में व्यक्त है–

सुधातः स्वादीयः सलिलभरमातृप्ति पिवतां,
जनानामानंदः परिहसति निर्वाणपदवीम्।
यदन्तः खेलंतो वहुलतरसंतोपनिभृताः,
न काका नाकाधीश्वरनगरसाकांक्षमनसः॥

(अर्थात्)—'अमृत से भी बढ़ स्वादिष्ट गंगाजल यथेच्छ पीनेवाले का आनन्द निर्वाणपद को भी तुच्छ मानता है। गंगातटवासी संतोषधन कौवा तक इन्द्रपुरी का वैभव नहीं चाहता।' यहाँ लक्ष्य में लेने की महत्वपूर्ण वात यही है कि शब्द, प्रवंध, काव्यादि में वह शक्ति निहित है जो भावना को पक्की तरह मन में जमा देती है। निराकांक्षा की जो भावना यहाँ व्यक्त की गयी है उसे गीता में कथित 'यं लव्ध्वा चापरं लाभं मन्यते नाधिकं ततः' (जिसे पाकर अन्य कुछ प्राप्तव्य नहीं रह जाता) के मर्म का ही निदर्शन कह सकते हैं।

निराकांक्षा अर्थात् सन्तोषमूलक धैर्य 'शुचिता' से उत्पन्न होता है। पातञ्जल सूत्र में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर प्रणिधान आदि नियम कहे हैं। इनमें शौच क्या है, इसे वेद-वाक्यों द्वारा ही जाना जा सकता है। भारवि ने भी——

'शुचि भूषयति श्रुतं वपुः, प्रशमस्तस्य भवत्यलंक्रिया।
प्रशमाभरणं पराक्रमः, स नयापादितसिद्धिभूषणः॥'

इस श्लोक में 'शुचिता' को मूल और मानव शरीर की प्रतिष्ठा का आधार माना है। शुचिता सम्पन्न मानव शरीर का अलंकार शान्ति अर्थात् सन्तोष को वतलाया गया है। इस शान्ति और सन्तोष की शोभा क्रियाशीलता अर्थात् 'पराक्रम' में कही गयी है। यह पराक्रम अत्याचारमय नहीं वरन् नयपरक (नीतिसंगत) होकर शोभास्पद होता है जहाँ नीतिपरायणता रहती है वही 'सिद्धि'-प्रद वन जाती है।

मतलब यह कि एकमात्र वेद वाक्यों द्वारा ही ज्ञात हो सकनेवाली 'शुचिता' से उत्पन्न 'सन्तोष' ही उन ९ रसों की आत्मा है जिससे वैदिक समाज के आठो अंगों का अनुरंजन होता है। काव्य की ध्वनियों में, लावण्य में, सौभाग्य में, उत्कर्ष आदि में 'सन्तोष' रूप आनन्द ही तो मनुष्य को आत्मविभोर करता है। भोजराजकृत निम्नलिखित श्लोक में भी यही बात कही गयी देखें——

'तात्पर्यमेव वचसि, ध्वनिरेव काव्ये,
सौभाग्यमेव गुणसंपदि वल्लभस्य।
लावण्यमेव वपुषि स्वदतेंगनायाः,
श्रृंगार एव हृदि मानवतो जनस्य॥'

इन उपादानों में उपलब्ध 'आनन्द' परमात्मा की देन ही होता है। यह 'आनन्द' यदि भगवदीय 'ज्ञान'-प्रभा से संयुक्त हो सके तो उसे ही 'सत्व-गुण का उदय' कह सकते हैं। भावप्रकाश में कहा है—

'परस्मादात्मनो भांति ज्ञानानंदक्रियाप्रभाः।
ज्ञानप्रभा च सानंदा तस्याः सत्वं प्रजायते॥'

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अर्थात्)—परमात्मा के द्वारा ही ज्ञान, आनन्द और क्रिया की छटा जीव में प्रकट होती है। इस 'ज्ञान' की छटा और 'आनंद' की छटा का जब एक साथ संयोग बन जाता है तब जीव में 'सत्व'-गुण का उदय हो चलता है।

इस प्रसंग में, ज्ञान की 'छटा या प्रभा' क्या है? इसे समझने के लिए पहले 'यथार्थ' शब्द का मर्म हृदयंगम कर लेने की आवश्यकता है। इस बारे में शास्त्रकारों का मत है कि जो तथ्य जिस भाव में भगवान् को भासित होता है वह ठीक उसी भाव में जीव को भी भासित हो, उसके विपरीत न हो, अर्थात् जीव एवं ईश्वर की अनुभूति एक समान बन जाय, यही 'यथार्थता' है। मतलब यह कि 'यथार्थ बोध' वही 'ज्ञान' कहा जा सकता है जिसके आगे किसी वस्तु की जानकारी की कोई बात शेष रहती नहीं। अर्थात्, 'तत्वज्ञता' ही 'यथार्थता' है। इसे ही नैयायिक भाषा में 'नित्यज्ञानावृत्तिविषयिताशून्यज्ञानत्वं प्रमात्वम्' कहा गया है। उसी यथार्थ 'ज्ञान' की छटा से यह संपूर्ण जगत भासित हो रहा है। यही मर्म वेदान्तियों के मत 'तस्य भाषा सर्वमिदं विभाति' में व्यक्त है।

ज्ञान एवं आनन्दप्रभा जनित 'सत्व' पूर्णतया ईश्वर के ही ज्ञान पर आधारित होने के कारण वह पूर्ण-कोटि के अक्षुण्ण पारंपरीण उपदेशों के सहारे समझ में आ सकता है और उस संबंध की यथार्थ प्रेरणा भी तभी मिल सकती है। इस प्रकार, यह स्पष्ट हो गया कि समाज के आठो वर्गों को जिस 'प्रेरणा' से आत्म-संतोष प्राप्त था वह उन्हें वैदिक समाज संघटन की अक्षुण्ण परंपरा से उपलब्ध थी। ज्ञानानंद की जिस संयुक्त प्रभा से उदित सत्वगुण की महिमा ऊपर कही जा चुकी है उसको ही तो वैदिकों ने समाज संघटन का मूल बतलाया है।

महर्षि वात्स्यायन ने भी इसी तथ्य को ध्यान में रख 'नगरे पत्तने खर्वटे वा महति सज्जनाश्रये स्थाने' के द्वारा नगर, कसबों और ग्रामों में ज्ञानप्रभायुक्त सज्जनों के बीच निवास को अन्य लोगों के लिए 'आश्रय-प्रद' बतलाया है। ऐसे पड़ोसियों के अभाव में सर्वत्र जंगल-सी अरक्षा तो स्पष्ट ही है। इसी दृष्टि से, 'संवासिभ्यो बलं सत्वमारोग्यं शीलमेव च' के द्वारा नीतिसारकर्ता ने भी बल, सत्व, आरोग्य और शील इन चार गुणों के परिचय का साधन पड़ोसियों को ही माना है।

जिन सात्विक प्रेरणाओं द्वारा इस समाज संघटन के भीतर आठो वर्गों का चित्त-संतोष होता रहा है उन्हीं के एक-एक अंश द्वारा, अन्यत्र भी समाज संघटित कर, अष्टवर्ग के चित्त-संतोष का साधन प्रयत्न चलता है। अतएव, इस विवेचन से स्पष्ट हो गया कि ईश्वरीय ज्ञानप्रभा से संयुक्त आनन्दप्रभा का परिचय एकमात्र 'शब्द' (वेद) द्वारा ही अक्षुण्ण परम्परा से हो सकता है। वेद के विधिभाग का वह कौन-सा अर्थ होगा जो अष्टांग समाज के अंगभूत विद्वानों का मनस्तोषकर हो, इसके मापदण्ड तो स्वयं विद्वान् ही होंगे। विधिभाग के अर्थ के बारे में भी हम यहाँ विचार करते हैं।

'वैदिक विधि'—भाग के विचार में उतरने से पूर्व, यह देख लें कि 'लौकिक विधि' में अर्थ किस प्रकार ग्रहण करते हैं। वही पद्धति 'वैदिक विधि'–भाग के अर्थ करने में भी उपयोगी हो सकेगी।

लोकविधि में देखते हैं कि 'तृप्तिकामः पचेत' (तृप्ति पाने के लिए भोजन पकायें) वाक्य में 'पचेत' क्रिया मुख्य है जो 'लिङ' (आदेश) सूचक है। इसी प्रकार, वेद वाक्यों में भी 'लिङ' का अर्थ ऐसा ही होना चाहिये जो समाज के अष्टांग का यथायोग्य चित्त-संतोष विधायक हो सके। तभी कहा जा सकेगा कि 'लिङ' का अर्थ ठीक हुआ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पर, जो व्यक्ति अनुभव एवं अनुमान के आधार पर, सब समझ-बूझकर भोजन पकाने के कार्य में स्वयं लगा हो उसे 'भोजन पकाओ' ऐसा आदेश देना कैसा होगा? यह तो हास्यजनक ही ठहरेगा। कारण, यहाँ आदेशात्मक अर्थ तो संगत बैठता नहीं। किन्तु, 'हास्य' में ही चित्त संतोष पानेवाले स्त्री-बालक-मूर्ख के लिए ऐसा अर्थ ही उपयोगी होगा और स्पष्टतः असंगत होते भी हास्य में उसकी 'संगति' रहेगी।

कुछ लोगों का मत है कि 'लिङ' (आदेश) का मतलब 'हितसाधक' होना चाहिये और 'पचेत' क्रिया का अर्थ 'पकाना हितसाधक है' ऐसा हो। विचार कर देखें कि क्या ऐसा अर्थ ठीक होगा?

स्पष्ट है कि 'पकाना हितसाधक है' ऐसा अर्थ उस व्यक्ति के समक्ष 'हास्य' की संभावना से मुक्त होगा जो स्वयं समझ-बूझकर पाचन कार्य में संलग्न है। हास्य पैदा ही तब होता है जब किसी भ्रामक प्रयोग के कारण वक्ता या श्रोता को लज्जा से सिर झुका लेने का अवसर आ जाय। उपर्युक्त अर्थ में ऐसे किसी भ्रम का कारण नहीं रहता, यह ठीक है। पर, इस अर्थ में एक यह त्रुटि तो खड़ी ही हो जाती है कि बालक-स्त्री-मूर्ख का चित्त-संतोषकर 'हास्य-तत्व' विलीन हो जाता है।

यहीं यह बात भी देख लेना उपयोगी होगा कि विधि का 'लिङ' (आदेश) अर्थ 'हास्य' एवं 'भ्रम' जनक रहते भी किस प्रकार यथार्थ है।

'विधि'-वचनों के अर्थ करने में मीमांसकों और नैयायिक श्री उदयनाचार्य प्रभृति का मत है कि 'लौकिक-विधि' वचनों में 'वक्ता की मंशा' ही उसका 'ग्राह्य-अर्थ' होगा। 'मंशा' का वही गौरवपूर्ण स्थान 'वैदिक विधि' वचनों के अर्थ करने में 'आदेश' को प्राप्त होता है। 'आदेश' के इसी स्वरूप का संकेत मीमांसकगण अपनी परि-भाषा में 'भावना' शब्द से कराते हैं। स्पष्ट है कि 'भावना' ही प्रवृत्तियों को अपने प्रभाव से जकड़े रहती है। इसलिए, किसी कार्य में प्रवृत्ति का मतलब ही यह है कि उस कार्य के प्रति तर्क द्वारा 'हित साधकता' समझ में आ गयी है। तात्पर्य यह कि 'लिङ' (आदेश) अर्थ में 'तर्क सिद्ध हितसाधकता' मीमांसक दृष्टि से स्वयं ही सन्निहित है।

यह तथ्य सामने रख 'पचेत' इस 'लौकिक आदेश' शब्द के अर्थ पर विचार करें। इससे स्पष्ट हो जायगा कि भोजन पकाने के 'आदेश' में वक्ता के हृदय की 'तर्कसिद्धहितसाधकता' की मंशा अन्तर्ध्वनित है और, वक्ता के उस 'आदेश' पर यदि किसीको 'हास्य' या 'लज्जा' का अनुभव होता है तो इसका हेतु उसका 'भ्रम' ही है। 'भ्रम' उत्पन्न होने का प्रत्यक्ष कारण यह है कि पकानेवाले व्यक्ति ने वक्ता के 'पचेत' आदेश में अन्तर्निहित 'हितसाधकता' की मंशा समझकर तो भोजन-परिपाक आरंभ किया नहीं, वरन्, स्वयं किन्हीं अन्य साधनों से 'हितसाधकता' समझ-बूझकर रसोई पकाने में व्यस्त है। इस पर, यदि स्त्री-बालक-मूर्ख आदि हँसते हैं तो इसी लिए कि वक्ता अपने आदेश के इस अंश की निरर्थकता को समझ नहीं सका और वक्ता को भी यदि 'लज्जा' की अनुभूति होती है तो केवल इसी दृष्टि से। इस प्रकार, यह स्पष्ट हो गया कि विधि के अर्थ के संबंध में मीमांसकों का मत ही यथार्थ है।

इस विवेचन का सारांश यही है कि 'विधि' का 'आदेश'-मूलक अर्थ तभी सार्थक है जब उस 'आदेश' के पीछे 'अन्तर्निहित भाव में तर्कसिद्ध रूप से पूर्ण सन्तोष के साथ चित्त की प्रवृत्ति हो।' हित का ज्ञान अन्य प्रणालियों से होने की दशा में तो 'आदेश' का कोई मूल्य ही न रह जायगा। वह आदेशकर्ता के लिए 'लज्जा'' एवं मूर्ख श्रोताओं के लिए परिहास का कारण ही ठहरेगा। इससे स्पष्ट है कि 'हितसाधकता' और 'चित्तसन्तोष

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

की भावनाएँ 'आदेश' के आधार पर ही आनी चाहिये और 'हितसाधकता' समझने का एकमात्र आधार 'आदेश' को ही मानने की स्थिति दृढ़ होनी चाहिये।

इस प्रकार, यह बात अब सुस्पष्ट हो जाती है कि अति प्राचीन काल में वैदिक समाज जो सुसंघटित था और उसके अष्टांग में जो चित्तसंतोष परिव्याप्त था उनके मूल में 'वैदिक आदेश' और उसीके आधार पर 'हितसाधकता का तर्कसिद्धभाव' जमा हुआ था। इसका अपलाप कोई भी विवेकी कर नहीं सकता। महाकवि भारवि का भी कहना है—

अभिवर्षति योऽनुपालयन्विधिबीजानि विवेकवारिणा।
स सदा फलशालिनीं क्रियां शरदं लोक इवाधितिष्ठति ॥
चतसृष्वपि ते विवेकिनीं नृपविद्यासु निरूढ़िमागता।
कथमेत्यमतिर्विपर्ययं करिणी पङ्कमिवावसीदति ॥

(अर्थात्, कहते हैं—वैदिक विधियाँ ही बीज हैं। उनको विवेक जल से जो सींचता रहता है वह शरद की प्राप्ति से जगत के समान ही सफल होता है। तुम्हारी विवेकशालिनी बुद्धि आन्वीक्षिकी, त्रयी, वार्ता, दण्डनीति इन चारो विद्याओं में दृढ़ होते भी आज कीचड़ में हस्तिनी के समान क्यों फँस रही है?)

भारवि का यह वाक्य उपर्युक्त आशय में ही मननीय है।

इस प्रकार, उपर्युक्त विवेचन से यह भी स्पष्ट हो जाता है कि प्राचीन वैदिक समाज अपने को वैदिक मानने के साथ ही 'स्वाध्यायोध्येतव्यः' आदेश के अनुसार, अपनी शाखा के वेद के स्वाध्याय में कटिबद्ध था और इस 'आदेश' के आधार पर वह इसमें अपनी परम हितसाधना को तर्कसिद्ध मानता था।

यह कदाचित संभव है कि स्त्री-बालक-मूर्ख वर्ग समाज के भय से भी नियंत्रित रखा जा सके। पर, समाज के अंगभूत शेष अन्य ७ घटकों का नियंत्रण तो तब तक संभव नहीं जब तक उनके समक्ष सात्विक प्रेरणा न हो। कारण, उनका चित्त-संतोष तभी संभव हो सकता है। सात्विक प्रेरणा वैदिक समाज में सर्वथा विवेक-परायण थी जिसमें भय या आतंक की कहीं कोई बात ही नहीं। इसमें अन्ध विश्वास की कहीं गंध भी नहीं। सात्विक प्रेरणाएँ सत्व के ही आश्रित होने के कारण 'ज्ञानप्रभा च सानंदा तस्याः सत्वं प्रजायते' के अनुसार, ज्ञानप्रभा और आनन्दप्रभा का परस्पर संगम रहने से, भय-आतंक आदि का यहाँ प्रश्न आता ही नहीं।

अब यह विचार कर लेना शेष है कि चित्तसंतोष में आनंदप्रभा के साथ ज्ञानप्रभा का भी जो योग कहा गया है, इसमें यह 'ज्ञानप्रभा' कैसे आ जाती है? क्या वह वेद के शब्दों के आधार पर आती है अथवा प्रत्यक्ष आदि कोई अन्य सूत्र उसके आगमन का कारण बनता है?

इस बारे में, श्री वाचस्पति मिश्र ने न्यायवार्तिक तात्पर्य टीका में 'मंत्रायुर्वेदप्रामाण्यवच्च तत्प्रामाण्यमाप्त-प्रामाण्यात्' सूत्र पर जो विचार किया है उसे देखें। उनका कहना है—'स्वयं भी शास्त्रकार होने का दावा करने वाले वेद-विरोधी बौद्ध आदि शास्त्रोक्त 'आयुर्वेद' के रसायनों का निर्माण करते थे। उन्हींके इतिहासों से यह प्रकट है कि वे निर्माण प्रसंग में आयुर्वेद में निर्दिष्ट प्रायश्चित्त आदि स्वेच्छया ही कर लेते थे। पाप न तो अपनी बुद्धि से समझ में आने की चीज है और पाप का नाश तो प्रत्यक्ष या अनुमान की भी तर्कना के बाहर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

है। ऐसी दशा में, बौद्धों में यह देखी गयी 'प्रायश्चित्त की भावना' आयुर्वेद के आदेशों के प्रति पारंपरिक सात्विक प्रेरणा पर ही आधारित कही जायगी।'

इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि आयुर्वेद के प्रायश्चित्त आदि आदेशों के प्रति वैदिक एवं बौद्ध-प्रभृति अवैदिक इन दोनों की पूर्ण संतोषयुक्त जो प्रवृत्ति देखी जाती है उसमें वैदिक आदेशगत सात्विक प्रेरणा' ही आधार है; किसी प्रकार का भय अथवा आतंक की कल्पना नहीं। आयुर्वेद के आदेशों के प्रति आज वह 'चित्त संतोषपूर्ण प्रवृत्ति' देखने में नहीं आती। तथापि, इतिहास से निःसंदेह प्रकट है कि वैदिकों-अवैदिकों में वैसी चित्तसंतोषपूर्ण प्रवृत्ति पहले थी और उस प्रवृत्ति की 'प्रेरकधारा' 'चित्त-संतोषपूर्णभावना' थी। वह 'चित्त-संतोषपूर्ण भावना' मयी प्रेरक धारा 'वैदिक आदेशों' से ही समाज के लोगों में उत्पन्न होती थी और प्रत्यक्ष एवं अनुमान द्वारा भी मंगलमय ठहरनेवाला 'जीवन दान' देती रही है।

इस प्रकार, यह सिद्ध हो गया कि जहाँ वैदिक समाज को चित्तसंतोषपूर्ण सात्विक प्रेरणा देनेवाला वैदिक आदेश ही समाज-संघटन का मूल था, वहीं यह भी सिद्ध हो गया कि उस आदि समाज-संघटन का नियामक वेद भी अपौरुषेय है।

इतना विवेचन कर लेने के अनन्तर उस मर्म को ध्यान में लेना उपयोगी होगा जिसके आधार पर उक्त तर्कना आधारित है।

'स्वाध्यायोध्येतव्यः' एवं 'धर्म चर' (अर्थात् स्वाध्याय चलाते रहो और धर्म के आचरण में लगे रहो) इन वैदिक अनुशासनों के पालन द्वारा धर्मानुष्ठानीजन सात्विक प्रेरणाएँ प्राप्त करते रहे और उन्हें आत्म-सन्तोष भी मिलता रहा। वे स्वाध्याय, तपस्या, ईश्वर-चिन्तन आदि कार्य सानन्द चलाते रहे और एकांततः 'वेदनिर्दिष्ट कर्त्तव्य' मान परंपरया उस आत्म-सन्तोष का निष्ठापूर्वक लाभ उठाते रहे। 'राजकीय आज्ञा' मानकर उन कर्त्तव्यों के पालन जैसी कोई बात इसमें न थी और न यही था कि प्रत्यक्षवादी तर्कनाओं द्वारा हिताहित समझ उनका व्यवहार चलता रहा हो। सारांश यह कि कर्त्तव्य पालन का उक्त क्रम एकांततः 'वैदिक आदेश' होने के ही कारण पूर्ण सात्विक सन्तोषपूर्वक चलता रहा।

आयुर्वेदिक रसायनादि औषधियाँ सफल कोटि की बना पाने के लिए बौद्धों तक ने अपने प्रभुत्वकाल में 'पापनाशक अनुष्ठानों' की आवश्यकता सन्तोषपूर्वक स्वीकार की। उनके ऐसे सन्तोष और स्वीकृति से वेदवाक्यों की परंपरागत मान्यता स्पष्ट होती है। कारण, 'अदृष्ट पाप और उनको नाश करने की विधियों' का उपयोग या प्रयोजन प्रत्यक्ष या अनुमान से विदित हो सकने की चीज नहीं। उसे तो औषध के गुणाधान से ही जाना जा सकता है। बौद्धों के प्रभुत्वकाल में उन्हें वैसी मान्यता के लिए वाध्य करनेवाले किसी 'शासन भय' की भी वात न थी। मतलब यह कि धर्मनिष्ठ जन और बौद्ध यह दोनों ही वेदों के प्रति मान्यता की पारंपरिक भावना से उन कर्तव्यों के पालन में आत्म-सन्तोष प्राप्त करते रहे हैं।

'स्वाध्यायोऽध्येतव्यः' (अपनी शाखा के वेद का स्वाध्याय करें) इस वैदिक वाक्य की प्रेरणाशक्ति के आधार पर धर्मानुष्ठानी मनु आदि उस कार्य में अपनी हितसाधना तर्कसिद्ध मानते थे। मनु आदि की ऐसी मान्यता का एकमात्र हेतु पूर्व परम्परा से उसी रूप में प्रचलित वेद के आदेश की विलक्षण प्रेरणाशक्ति ही थी। उनकी मान्यता में हेतु किसी शासन का आदेश अथवा प्रत्यक्ष-अनुमान आदि की तर्कता न थी। इससे स्पष्ट है कि वेदों के आदेश की सात्विक प्रेरणा में ही उन्हें अपनी हितसाधकता का बोध प्राप्त था। बौद्धादि वेदविरोधी भी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आयुर्वेद के रसायनों के निर्माण के संबंध में प्रायश्चित्तादि का पालन शास्त्र-आदेश की सात्विक प्रेरणा से ही करते थे। अपनी तर्कना से उद्भूत उनकी वैसी प्रेरणा न थी। कारण, पाप-नाश का प्रकरण बुद्धि से समझ में आने की चीज नहीं और पापनाशार्थ की गयी क्रिया के फलस्वरूप औषध में उत्पन्न लाभकारी गुण प्रत्यक्ष देखने में आता है।

अतः यह सिद्ध हो गया कि वैदिक और अवैदिक इन सभी के बीच परंपरया वैदिक आदेशों में सात्विक प्रेरणा की धारा चली आ रही है। आज भले ही वेद के शब्दों और आदेशों में 'हितसाधकता' के बोध की वह धारा हमें मिलती या न मिलती हो, पर, वेदों के शब्दों के उच्चारण की विधि में तो परंपरा की वह धारा आज भी अक्षुण्ण चली ही आ रही है और इसमें किसीको क्या सन्देह हो सकता है।

प्रकाशन विभाग

इस विभाग द्वारा पुस्तकों का प्रकाशन समय समय पर किया जाता है। निम्नलिखित पुस्तकें इस विभाग द्वारा अभी तक प्रकाशित हुई हैं—

१ शास्त्रार्थविचारपद्धति

२ अवच्छेदकत्वविमर्श

३ विद्वत्परिषदः कर्माङ्गत्वविचारः

उक्त पुस्तकें एवं म० म० पञ्चानन तर्करत्न द्वारा निर्मित सर्वमङ्गलोदय नाटक योग्य व्यक्तियों को विना मूल्य वितरित की जाती हैं।

भारतीय समाज शास्त्र अथवा सनातन धर्मतत्त्वप्रणाली मू० १।।) (गणेशोत्सव समिति द्वारा प्रकाशित)
शान्ति का अग्रदूत (भारतीय राजनीति का दिग्दर्शन)
श्री पं० प्र० राजेश्वर शास्त्री द्राविड महोदय के व्याख्यान का संकलन हिन्दी में मू० ३)
श्रीगणेशसहस्रनाम मू० ।) (वि० सं० वि० विद्यालय ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित)।

काशी से अन्यत्र निवासियों को पोस्टेज खर्च देना पड़ेगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्री वल्लभराम शालिग्राम साङ्गवेद विद्यालय

संचालक मण्डल

श्री मुरारीलाल मेहता (अध्यक्ष)

श्री गिरधारीलाल मेहता

श्री मनोहरलाल मेहता

श्री गोविन्दलाल मेहता

श्री हरिलाल मेहता

कार्यकारिणी समिति

श्री पं० राजेश्वर शास्त्री द्राविड़ (अध्यक्ष)

श्री पं० हरिराम शास्त्री शुक्ल

श्री डा० कौशलपति त्रिपाठी

श्री दामोदर दास खन्ना

श्री पं० वैकुण्ठराम झा

श्री पं० उदयकृष्ण नागर (मंत्री)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रकाशक–श्री मुरारिलाल मेहता, श्री गिरधारीलाल मेहता, रामघाट, वाराणसी ।
मुद्रक–पं० पृथ्वीनाथ भार्गव, भार्गव भूषण प्रेस, गायघाट, वाराणसी ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu